भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या –1510
दिनांक 12.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

यूरोपीय संघ के साथ रक्षा समझौता

#1510. श्री महेंद्र भट्ट

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत यूरोपीय संघ के साथ रक्षा समझौता करने पर विचार कर रहा है; और
(ख) इस समझौते में शामिल मुख्य मुद्दे कौन-कौन से हैं और इस समझौते को अंतिम रूप कब प्रदान किया जाएगा?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क और ख) भारत-ईयू सुरक्षा और रक्षा साझेदारी पर 27 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष श्री एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष सुश्री उर्सुला वॉन डेर लेयेन की सह-अध्यक्षता में आयोजित 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षर किए गए थे। सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी भारत और यूरोपीय संघ के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर पहला व्यापक संरचनागत करार है। यह समुद्री, साइबर, अंतरिक्ष, हाइब्रिड, आतंकवाद-विरोधी, अप्रसार, रक्षा उद्योग, उभरती प्रौद्योगिकियों और महत्वपूर्ण अनुकूल अवसंरचना सहित पारंपरिक और गैर-पारंपरिक रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्रों में भारत-यूरोपीय संघ के सहयोग को और प्रगाढ़ करेगा। इसमें बहुपक्षीय मंचों में समन्वय, संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा में सहयोग और प्रशिक्षण एवं शिक्षा पर सहयोग भी शामिल है।

*****